दिलदारी | by Kunwar Deepak

देख के तेरी दिलदारी दिल ये हाले से
बड़े मौज से बाबा मेरी गाडी चाले से

किरपा से तेरी बाबा हर काम मेरा बनता
तेरी ही कृपा से कारोबार मेरा चलता
हर मुश्किल का तोड़ ओ बाबा तू ही निकाले से
बड़े मौज से बाबा मेरी गाडी चाले से

तेरी दया से बाबा ये परिवार मेरा पलता
तेरे भरोसे ही बाबा घर बार मेरा चलता
ठाठ बात और घनी शान से खुशी मनावे से
बड़े मौज से बाबा मेरी गाडी चाले से

जीवन का हर रस्ता मेरा श्याम ही चुनता
ऊँगली पकड़ के श्याम मेरे साथ है चलता
प्रेम भाव से महिमा दीपक जग को सुनावे से
बड़े मौज से बाबा मेरी गाडी चाले से

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-kunwar-deepak-2/